नाम ....................  अनुक्रमांक ....................

# वार्षिक परीक्षा 2025
# कक्षा - 11
# सामान्य हिन्दी

(APP-25)

समय : 3 घण्टे 15 मिनट ]  [ पूर्णांक : 100

**नोट—** (i) प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।
(ii) प्रश्न-पत्र दो खण्ड 'अ' तथा खण्ड 'ब' में विभाजित है।
(iii) प्रत्येक प्रश्न के सम्मुख उनके निर्धारित अंक दिए गए हैं।

## खण्ड-'क' (बहुविकल्पीय प्रश्न)

1. (क) 'रानी केतकी की कहानी' के रचनाकार का नाम है ? 1
(i) प्रेमचन्द (ii) इंशा अल्ला ख़ाँ (iii) जैनेन्द्र (iv) सदल मिश्र

(ख) मुंशी प्रेमचन्द का उपन्यास है ? 1
(i) परख (ii) कंकाल (iii) सुनीता (iv) निर्मला

(ग) डॉ० सम्पूर्णानन्दकृत जीवनी है- 1
(i) कलम का सिपाही (ii) सरदार पृथ्वी सिंह
(iii) महात्मा गाँधी (iv) जयप्रकाश नारायण

(घ) आकाशदीप किस विद्या की रचना है ? 1
(i) कहानी (ii) उपन्यास (iii) नाटक (iv) निबन्ध

(ङ) आदिकाल को वीरगाथा काल नाम किसने दिया है ? 1
(i) हजारी प्रसाद द्विवेदी (ii) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल
(iii) डा० नगेन्द्र (iv) अज्ञेय

2. (क) तारसप्तक के सम्पादक थे- 1
(i) अज्ञेय (ii) मुक्तिबोध (iii) निराला (iv) सुमित्रानन्दन पन्त

(ख) 'बीजक' किसकी रचना है ? 1
(i) कबीरदास (ii) सूरदास (iii) तुलसीदास (iv) केशवदास

(ग) निम्न में से कौन सूफीमत के कवि थे ? 1
(i) सूरदास (ii) मीराबाई (iii) जायसी (iv) कुम्भन दास

(घ) निम्न में से रीति काल के कवि कौन हैं ? 1
(i) तुलसीदास (ii) बिहारी (iii) रसखान (iv) चन्दवरदायी

(ङ) विनय पत्रिका किस भाषा की कृति है। 1
(i) अवधी (ii) ब्रज (iii) बुन्देली (iv) खड़ी बोली

3. **निम्नलिखित अवतरणों को पढ़कर उन पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए ?**
इस अभागे आलसी देश में जो कुछ हो जाए वही बहुत है। हमारे हिन्दुस्तानी लोग तो रेल की गाड़ी हैं। यद्यपि फर्स्ट क्लास, सेकण्ड क्लास हो आदि गाड़ी बहुत अच्छी-अच्छी और बड़े-बड़े महसूल की इस ट्रेन में लगी हैं पर बिना इंजन सब नहीं चल सकती वैसे ही

P.T.O.

हिन्दुस्तानी लोगों को कोई चलाने वाला हो तो वे क्या नहीं कर सकते।

**उपर्युक्त गद्यांश को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर दीजिए।**

(i) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए। 2

(ii) इस गद्यांश के लेखक और रचना का नाम लिखिए। 2

(iii) लेखक ने हिन्दुस्तानियों की तुलना रेल गाड़ी से क्यों की ? 2

(iv) महसूल का क्या अर्थ है ? 2

(v) इंजन किस भाषा का शब्द है ? 2

**अथवा**

**जब तक आत्मसाक्षात्कार न होगा, तब तक अपूर्णता की अनुभूति बनी रहेगी और आनन्द की खोज जारी रहेगी। इस खोज में सफलता, आनन्द की प्राप्ति, अपने परम ज्ञानमय स्वरूप में स्थिति यही मनुष्य का पुरुषार्थ, उसके जीवन का परम लक्षय है** और उसको इस पुरुषार्थ-साधन के योग्य बनाना ही शिक्षा का उद्देश्य है। वह राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक व्यवस्था सबसे अच्छी है जिससे पुरुषार्थ-सिद्धि में सहायता मिल सके ; कम से कम बाधाएँ तो न्यूनतम हों।

(i) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए। 2

(ii) इस गद्यांश के लेखक और रचना का नाम लिखिए। 2

(iii) लेखक के अनुसार जीवन का परम लक्षय क्या है ? 2

(iv) छात्र की पुरुषार्थ सिद्धि में राज्य व समाज क्या योगदान कर सकता है ? 2

(v) गद्यांश के आधार पर शिक्षा के उद्देश्य पर प्रकाश डालिए। 2

4. **निम्नलिखित पद्यांशों को पढ़कर उन पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए ?**

लम्बा मारग दूरि घर, बिकट पंथ बहु मार।
कहौ सन्तों क्यूँ पाइये, दुर्लभ हरि दीदार॥
यहु तन जांरौ मसि करौं, लिखों राम का नाउँ।
लेखणि करौं करंक की, लिखि-राम पठाउँ॥

(i) प्रस्तुत पद्यांश के कवि और कविता का नाम लिखिए ?

(ii) प्रभु प्राप्ति के मार्ग में कौन-कौन सी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ?

(iii) कवि अपने शरीर की हड्डियों से क्या बनाना चाहता है ?

(iv) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए ?

(v) निम्नलिखित शब्दों के समानार्थी शब्द लिखिए ?

(i) मारग (ii) हरि

**अथवा**

मकराकृति गोपाल कैं, सोहत कुंडल कान।
धरयो मनौ हिय धर समरु, डचोढ़ी लसत निशान॥
**बतरस-लालच लाल की, मुरली धरी लुकाइ।**
**सौंह करै भौहनु हँसै, दैन कहैं नटि जाइ॥**

[11pt,a4paper]article [margin=0.75in]geometry fontspec



(i) प्रस्तुत पद्यांश के कवि एवं कविता का नाम लिखिए ? 2

(ii) मकराकृति कुण्डल किसके कान में सुशोभित हो रहे हैं ? 2

(iii) श्रीकृष्ण की मुरली किसने छिपा दी है ? 2

(iv) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए ? 2

(v) 'सोहत' तथा 'हिय' शब्दों के तत्सम रूप लिखिए ? 2

5. (क) **निम्नलिखित में से किसी एक साहित्यकार का साहित्यिक परिचय देते हुए उनकी कृतियों का उल्लेख कीजिए। (अधिकतम शब्द सीमा 80 शब्द)** 5

(i) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र (ii) आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी (iii) सरदार पूर्णसिंह

(ख) **निम्नलिखित में से किसी एक कवि का साहित्यिक परिचय देते हुए उनकी कृतियों का उल्लेख कीजिए। (अधिकतम शब्द सीमा 80 शब्द)** 5

(i) कबीरदास (ii) सूरदास (iii) गोस्वामी तुलसीदास

6. **'बलिदान' अथवा 'आकाशदीप' कहानी का सारांश अपने शब्दों में लिखिए।** 5

**अथवा**

**'समय' अथवा 'प्रायश्चित' कहानी के उद्देश्य पर प्रकाश डालिए।**

7. **स्वपठित नाटक के आधार पर किसी एक प्रश्न का उत्तर दीजिए—** 5

(i) 'कुहासा और किरण' नाटक के आधार पर 'कृष्णचन्द्र' का चरित्र चित्रण कीजिए।

(ii) 'आन का मान' नाटक के आधार पर 'दुर्गादास' का चरित्र-चित्रण कीजिए।

**खण्ड-'ख'**

8. (क) **निम्नलिखित संस्कृत गद्यांश का सन्दर्भ सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए—** 7

विज्ञानेन साम्प्रतं सर्वत्र विशालतायाः दर्शनं भवति। नगरेषु ग्रामेषु च सर्वत्र विद्युद्दीपैः आलोकः क्रियते। जनसञ्चारस्य साधनानि दूरदर्शनं, आकाशवाणी, टेलीफोन, मोबाइल फोन प्रभृतीनि यन्त्राणि सन्ति।

**अथवा**

अयं पर्वतराजः भारतवर्षस्य उत्तरसीम्नि स्थितः तत् प्रहरीव शत्रुभ्यः सततं रक्षति। हिमालयदेव समुद्रगम्य गङ्गा-सिन्धु-ब्रह्मपुत्राख्याः महानद्यः, शतद्रि-विपासा-यमुना-सरयू-गण्डकी-नारायणी-कौशिकीप्रभृतयः नद्यश्च समस्तामपि उत्तरभारतभुवं स्वीकीयैः तीर्थोदकैः न केवलं पुनन्ति, अपितु इमां शस्यश्यामलामपि कुर्वन्ति।

(क) स + अक्षर (ख) सा + अक्षर (ग) सु + अक्षर (घ) स + आक्षर

(ii) **'रजनीश' का सन्धि विच्छेद है।** 2

(क) रजनी + शः (ख) रज + नीशः (ग) रजनी + ईशः (घ) राज + इसः

11. **निम्नलिखित शब्द-युग्मों का सही अर्थ चुनकर लिखिए—**

(क) **कपट - कपाट**

(i) कप और प्लेट (ii) किवाड़ और खिड़की

(iii) धोखा और दरवाजा (iv) पर्दा और किवाड़

(ख) **धर्म में निष्ठा रखने वाला—** 2

(i) धर्मनिष्ठ (ii) अधर्मी (iii) अनिन्दनीय (iv) इनमें से कोई नहीं

12. (क) **'करुण' अथवा 'हास्य' रस की परिभाषा सहित उदाहरण लिखिए।** 2

(ख) **'रूपक' अथवा 'यमक' अलंकार की परिभाषा सहित उदाहरण लिखिए।** 2

(ग) **'दोहा' अथवा 'चौपाई' छन्द का लक्षण उदाहरण सहित लिखिए।** 2

13. **किसी बैंक के प्रबन्धक को कोई व्यवसाय करने के लिए ऋण-प्राप्ति के लिए एक आवेदन-पत्र लिखिए।** 7

**अथवा**

**समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञापन के आधार पर लेखपाल-पद नियुक्ति हेतु अपने जनपद के जिलाधिकारी को एक आवेदन पत्र लिखिए ?**

14. **निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर निबन्ध लिखिए ?** 9

(1) अन्तरिक्ष विज्ञान (2) शिक्षा का अधिकार

(3) पर्यावरण और प्रदूषण (4) साहित्य और समाज

*****